# ''मेरी आवाज़ ही पहचान है''
# गायन प्रतियोगिता

***आयोजक:*** **ब्रह्माकुमारीज़ सामुदायिक रेडियो, रेडियो मधुबन 90.4 एफ़ एम**

रेडियो मधुबन के कार्य कर्ताओं ने पाया कि यहां के समुदाय में संगीत की प्रतिभा छिपी है, परंतु उचित मंच ना मिलने की वजह से वो कला लुप्त होती जा रही थी, इसलिए रेडियो मधुबन लेकर आया **'मेरी आवाज़ ही पहचान है'**।

इस प्रतियोगिता की शुरूवात हुई 15 जून से, जो 4 सितम्बर 2013 को एक विशाल समापन समारोह के रूप में पूर्ण हुई।

इस कार्यक्रम में कुल मिलाकर 416 प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाया,तकरीबन 90 दिन चली इस प्रतियोगिता मे 3500 से भी अधिक एस एम एस प्राप्त हुए, 5 चरण से होकर इन में से 6 प्रतिभागीयों ने फाईनल में अपनी जगह बनायी. बी एस मेमोरियल मे आयोजित समापन समारोह में इन 6 प्रतिभागियों ने इंडियन आईडल फेम हरिश मोयल के सामने अपनी प्रस्तुति दी। श्री मोयल जी द्वारा उन्हें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिये गये। प्रथम पुरूस्कार विजेता आबूरोड निवासी मोहम्मद रफीक जी रहे, जिन्हें त्रिवेदी मार्बल्स की ओर 11000 रूपये एवं रेडियो मधुबन की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कु. निवेदिता ने द्वितीय एवं भगवानसिंघ जी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर रू 8000 एवं 5000 की धन राशि एवं ट्रॉफी अपने नाम की. जिसके प्रायोजक थे रीयल इंडिया एवं बंसल हॉस्पीटल।

अतिथि महोदय हरिश मोयल जी ने संगीत कला के कुछ गुरू मंत्र प्रतिभागियों के साथ बांटे एवं शानदार गीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।
इस अवसर पर एस डी एम जितेन्द्र सोनी जी ने रेडियो मधुबन की इस मुहिम की सराहना करते हुए इस प्रकार के आयोजन आगे भी करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया एवं प्रतिभागियों का होसला बढ़ाया।

'मेरी आवाज़ ही पहचान है' के इस ग्रांड फिनाले में मधुबन रेडियो के डायरेक्टर करूणा भाई, ऊषा दीदी एवं आबूरोड के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी शुभ कामनाएं दी।



B. S. MEMORIAL SCHOOL
GRAND FINALE
90.4 FM
sponsored by
TRIVEDI
B.S. MEMORIAL
BANSAL
ROTARY CLUB
Singing Competition